**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 22.01.2025**

**विषय:- चोरी के आरोप में वांछित अभियुक्ता व चोरी का सामान खरीदने वाला अभियुक्त चोरी के सामान सहित थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.01.2025 को बेनिया डोम गली अमरजीत कबाडी की दुकान से घरेलू सामान बरामद करते हुए अभियुक्त अमरजीत कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी निवासी सीके 66/39 बेनिया बाग थाना चेतगंज वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष व अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

**घटना का विवरण:-** प्रार्थिनी द्वारा लिखित तहरीर में बताया गया है कि दिनांक 12/13.01.2025 को, प्रार्थिनी का हाथ फ्रैक्चर होने के कारण अपने घर में ताला बन्द कर अपने पुत्र के साथ पाण्डेयपुर रहने गयी थी। दिनांक 12/01/2025 कि रात्रि व 13/01/2025 के सुर्योदय होने से पहले अंधेरे का लाभ उठाकर कई लोग मेरे घर का ताला तोड़कर घुस गए तथा मौजूद कीमती वस्तुए चोरी कर ले गए। लोगों को चोरी करते वक्त पास- पड़ोस के लोगों ने भी देखा तथा जब प्रार्थिनी अपने घर गयी तो सभी वस्तुए बिखरी मिली। जिसके संबंध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**विवरण पूछतांछ-** अभियुक्त अमरजीत कुमार उपरोक्त पूछताछ पर बता रहा है कि दिनांक- 12.01.25 को मेरा दोस्त मुझसे मिला और बताया कि मेरे पास कुछ घरेलू उपयोग का सामान है जो मैं अपने घर वालों के साथ मिलकर बुआ के घर से चोरी किया हूँ। तुम इस सामान बहुत कम दाम में खरीद लो मुझे जितना पैसा दे दोगे मैं ले लूंगा। मैं भी लालच में आ गया और उसके बाद उसी रात करीब 1.00 बजे मेरा दोस्त अपने भाई अपने पापा के साथ चोरी का सामान मैजिक में लादकर मेरे गोदाम में लाया। मैने सामान को देखकर कहा कि इन सब सामान का दस हजार रूपये ही दूंगा जिस पर वो लोग और पैसे मांग रहे थे किन्तु मैने कहा कि मेरे पास केवल दस हजार रूपये है जिस पर उन्होने ने कहा कि हम लोग सारा सामान तुम्हे नहीं देगे कुछ सामान फ्रिज व कुछ वर्तन वापस गाडी में रख लिए और मुझसे दस हजार लिए और चले गये। अभियुक्ता, अभियुक्त अमरजीत कुमार के बयान का समर्थन करते हुए सामूहिक अपने जुर्म को स्वीकार कर रहे है।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण:-** मु0अ0सं0- 0028/2025 धारा 331(4), 305ए बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2), 317(5) बीएनएस थाना- सिगरा कमि0 वाराणसी।

**अभियुक्तगण का विवरण: -**

1. अमरजीत कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी निवासी सीके 66/39 बेनिया बाग थाना चेतगंज वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।
2. अभियुक्ता उम्र करीब 50 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक-**

1. अमरजीत कुमार को दिनांक- 22.01.2025 गिरफ्तारी स्थान- बेनिया डोम गली कमि0 वाराणसी
2. अभियुक्ता दिनांक- 22.01.2025 गिरफ्तारी स्थान- मलदहिया पानी टंकी थाना सिगरा

**बरामदगी का विवरणः-**

अलमारी 2 अदद, एसी वोल्टास 1 अदद, छोटा बक्सा खाली 3 अदद, कूलर 2 अदद, टूटा हुआ गैस चूल्हा 3 अदद, छोटा गैस सिलेन्डर 3 अदद, टब 5 अदद, थाल 1 अदद, छोटा टब1 अदद, टूटा एक्झास्ट मोटर 1 अदद, लोटा1 अदद, गिलास4 अदद, टूटा फ्राई पैन 1 अदद, बडा भगोना 2 अदद, छोटा भगोना 3 अदद, तसला 1 अदद, छोटा बटुआ 1 अदद, लोहे की कडाही 1 अदद, डिब्बा छोटा 1 अदद, एल्बम जिसमे फोटो लगे हुए है 1 अदद, बोरे में कपड़ा मिला, एक अदद सिलाई मशीन व 3 अदद स्टील की बाल्टी, तथा एक अदद ब्लोवर इस्तेमाली

**गिरफ्तार करने वाली टीम: -**

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शिवम, चौकी प्रभारी रोडवेज, थाना सिगरा वाराणसी
3. उ0नि0 अभय सिंह परिहार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0प्र0 सुधीर कुमार अग्रहरी, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0उ0नि0 काजोल सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. म0उ0नि0 प्रीती कुमारी, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 जितेन्द्र कुमार सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 राहुल कुमार, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 शिवनाऱायण, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 अजीत कुमार गौड थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
11. म0का0 संध्या गौड, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
12. म0का0 प्रियंका यादव, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
13. म0का0 रीमा थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
14. कां0 मृत्युंजय सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
15. कां0 ओमप्रकाश सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
16. का0 नरेन्द्र कुमार थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी,

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**